## महत्वपूर्ण एवं खास

### हाईवा वाहन के चालक ने ठेकाकर्मी को मारी ठोकर

**न्यायसाक्षी सारंगढ़** / रायगढ़। थाना कोतरारोड अन्तर्गत स्थापित जिंदल कंपनी के अंदर दिनांक 07.11.18 के करीब 19.45 बजे DAC के पास किलन 2- 3 के बीच हाइवा का चालक प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाते हुये ठेकाकर्मी भीमसेन गाडिया, रंजित सिंह को ठोकर मारकर भीमसेन गाडिया को घसीटते उसके उपर गाडी चढाकर गाडी को लेकर भाग गया। भीमसेन गाडिया मौके पर चल बसे तथा आहत रंजित सिंह को जिंदल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । रिपोर्टकर्ता राजेंद्र यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कंचदा थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा हा0मु0 किरोडीमल नगर गणेश चौक के रिपोर्ट पर आरोपी हाइवा चालक के विरूद्ध अप.क्र. 302/18 धारा 304 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### सड़क दुर्घटनाओं में हुए मृत एवं घायल

**न्यायसाक्षी सारंगढ़** / रायगढ़। मिट्ठुमुड़ा जुटमिल में किराये पर रहने वाला जितेन्द्र गिरी व राजेन्द्र गिरी इत्र बेचने का काम करते हैं । दिनांक 06/11/18 के शाम करीब 06.00 बजे राजेन्द्र गिरी दीपावली त्यौहार मनाने अपने घर झिलमिला सराईपाली जाने के लिये मोटर सायकल हीरो होंडा स्पेलेन्डर प्लस क्रं. CG13 क्र7039 से निकला था, जिसे कोडातराई जय ढाबा के आगे सारंगढ रायगढ मुख्य मार्ग में किसी अज्ञात वाहन के चालक ने ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया,मृतक के मकान मालिक संतोष टंडन के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अप.क्र. 1489/18 धारा 304 (A) IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### चोरी की घटना पर विवेचना जारी

**न्यायसाक्षी सारंगढ़** / रायगढ़। थाना तमनार अन्तर्गत आदर्श ग्राम्य भारती उ.मा.विद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यरत लक्ष्मी नारायण नायक पिता श्री स्व. सीताराम नायक ग्राम कोड़पल्ला थाना अंबाभौना जिला बरगढ उड़ीसा दिनांक 05.11.18 को दीपावली की छुट्टी में अपने घर गये थे, इसी बीच दिनांक 06.11.18 एवं 07.11.18 के दरमियानी रात्रि स्कूल परिसर में स्थित प्राचार्य लक्ष्मी नारायण नायक के आवास का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर अलमारी में रखे (1) 8000 (आठ हजार रू.) नगद (2) एक गुल्लक (3) सोने का हार एक एवं गहने जुमला 36,000 रूपये को चोरी कर ले गया । रिपोर्टकर्ता लक्ष्मी नारायण नायक के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 280/18 धारा 457,380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## डाक मतदान सुविधा केन्द्र में लगी कर्मचारियों की ड्यूटी



**रायगढ़, 2018/** विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा डाकमत पत्र के द्वितीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डाक मतदान सुविधा केन्द्र में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ दल क्रमांक 1 के लिए नगर पालिक उ.मा.वि.रायगढ़ में प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ दल क्रमांक 2 के लिए केआईटी रायगढ़, विधानसभा लैलूंगा दल क्रमांक 3 के लिए किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, विधानसभा खरसिया दल क्रमांक 4 के लिए शास.नटवर उ.मा.वि.रायगढ़ एवं विधानसभा रायगढ़ दल क्रमांक 5 के लिए किरोड़ीमल शास पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ में प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। उक्त दल के सभी सदस्य 12 से 15 नवम्बर तक प्रातः 10 बजे संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र में अनिवार्य से उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा दल क्रमांक 5 के सभी सदस्य 11 नवंबर को भी प्रातः 10 बजे किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## जुआ एक्ट के तहत् कार्यवाही

**न्यायसाक्षी सारंगढ़ / रायगढ़।** दिनांक 08/11/18 के रात्रि करीब 23.30 बजे टाउन भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक डी.एल. मिश्रा व हमराह स्टाफ द्वारा ग्राम कुडुमकेला में सोसाइटी केन्द्र के सामने बिजली रोशनी में तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे (1) जीवन झरिया पिता इंदल सिंह झरिया उम्र 28 वर्ष निवासी डुमरपाली (2) रूपेश पटेल पिता घरनीधर पटेल उम्र 30 वर्ष (3) अशोक कुमार साहू पिता मूघा साहू उम्र 40 वर्ष (4) मनीष कुमार मांझी पिता सूर सिंह मांझी उम्र 19 वर्ष (5) नरेश कुमार डनसेना पिता चंद्रमणी डनसेना उम्र 42 वर्ष (6) प्रदीप कुमार साव पिता हीरा लाल साव उम्र 46 वर्ष (7) ननकी साव हेतराम साव उम्र 54 वर्ष (8) अमन अग्रवाल पिता नरेश अग्रवाल उम्र 29 वर्ष साकिनान कुडुमकेला को घेराबंदी कर पकडे, जिनके फड एवं पास से जुमला नगदी रकम 27,680 रूपये, 52 पत्ती तास, एक बोरा जप्त किया गया है । आरोपियों के विरूद्ध थाना घरघोडा में अप.क्र. 369/18 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

इसके अतिरिक्त दिनांक 08.11.18 को जिले के विभिन्न थाना/चौकी में जुआ एक्ट के 59 प्रकरण, 201 व्यक्तियों के विरूद्ध बनाया गया है, जिसमें जुआ फड एवं आरोपियों से कुल 71,515 रूपये जप्त किये गए हैं ।

## एक और सड़क दुर्घटना

**न्यायसाक्षी सारंगढ़ / रायगढ़।** रेल्वे बंगलापारा विवेकानंद स्कुल के पीछे रहने वाला लक्ष्मण यादव पिता पनडूबी यादव उम्र 52 वर्ष सत्या ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था। दिनांक 08/11/2018 को दोपहर करीब 14.00 बजे टांसपोर्ट की ट्रेलर क्रमांक CG13-LA-3450 को बनवाने के लिये नकीब गैरेज उर्दना गया था, जहां वाहन क्रमांक CG13LA3450 का चालक लापरवाही पूर्वक पीछे करते समय लक्ष्मण यादव को ठोंकर मार दिया, जिसे ईलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लक्ष्मण यादव चल बसे। घटना के संबंध में जहां वाहन क्रमांक CG13LA-3450 के चालक के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 1493/18 धारा 304(A) IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## हाई स्कूल लिबरा(तमनार) से चोरी कम्प्युटर से आदि सामानों के साथ अपचारी बालक व युवक गिरफ्तार

**न्यायसाक्षी सारंगढ़ / रायगढ़।** दिनांक 05.11.18 को हाई स्कूल लिबरा तमनार के प्राचार्य किरतलाल सिदार द्वारा थाना तमनार में दिनांक 4-5/11/18 की दरम्यानी रात स्कूल गेट का ताला तोड़कर प्राचार्य कक्ष से 02 सेट कम्प्युटर, प्रिंटर, इंडक्शन चुल्हा, ब्लूटूथ एम्पली, माईक सेट, LED बल्ब चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 276/18 धारा 457,380 IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । अज्ञात आरोपी की पतासाजी के स्टाफ सक्रिय थे कि घटना के 48 घंटे के भीतर तमनार पुलिस द्वारा चोरी के संदेह पर ईश्वर राठिया पिता अमृतलाल उम्र 19 वर्ष निवासी टिहली रामपुर (झिंकाबहाल) को तलब कर पूछताछ किया गया, इसमें उसने अपने साथी अपचारी बाल के साथ स्कूल में चोरी करना स्वीकार किया , जिनके निशांदेही पर कम्प्युटर सेट 02 नग, 01 नग लेजरजेट प्रिंटर, इंडक्शन चुल्हा, ब्लूटूथ एम्पली, माईक सेट, LED बल्ब जुमला कीमती 73,000 रूपये का बरामद किया गया है । अपचारी बालक व आरोपी को न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपी युवक को जिला जेल तथा अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मामले में माल मुल्जिम की पतासाजी में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, सउनि जे.पी. निषाद, आरक्षक भीष्मदेव सागर, राजेश राठिया, अमृत गुप्ता, श्यामलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

## जिसकी नजर में भीम का ही मान ना हो,वो बीएसपी का पार्टी प्रत्याशी कैसे बना ?-कार्यकर्ता

**बसपा प्रत्याशी के कारनामों से बसपा कार्यकर्ता नाराज, सूत्रों की माने तो अवैध उगाही से लेकर बाबा साहब के मान तक का मामला....**

**खटकर के प्रत्याशी घोषित होते ही, ढाई सौ के लगभग लोगों ने पार्टी छोड़ी, कार्यकर्ता भी बेमन से कर रहे हैं कार्य..**

**अरविंद की बदजबानी, झूठे वायदों की लत, कार्यकर्ताओं की अनदेखी एवं भर्राशाही जैसे तमाम आरोप क्या जीत से कर सकते है वंचित ?**

**नरेश चौहान सारंगढ़ की रिपोर्ट**

**न्यायसाक्षी सारंगढ़ / रायगढ़।** - विधानसभा मुख्यालय सारंगढ़ में इन दिनों चुनावी सरगर्मियां पूरे शबाब पर हैं। तमाम पार्टी प्रत्याशियो के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए जमकर चुनाव प्रचार में लगे हैं। इस क्रम में जोगी कांग्रेस और बसपा के समझौते पर बसपा को मिली सारंगढ़ सीट से प्रत्याशी के रूप में अरविंद खटकर का नाम सामने आया है। वकालत की पढ़ाई कर मूलतः पेशे से राजनीति ही करते हैं। ये, वर्षो से बसपा कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़े हैं, और सरपंच बने। यद्यपि इनके शुष्क व्यवहार के कारण निश्चित ही बसपा प्रत्याशी के समर्थकों की संख्या में काफी गिरावट दर्ज हुई है।

**खटकर का शुष्क व्यवहार बन रहा है विरोध का कारण**

स्थानीय लोगो और पार्टी के पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की माने तो मूलतः ग्राम पंचायत रक्सा से ग्रामीण राजनीति की शुरुवात करने वाले पूर्व सरपंच ग्राम रक्सा अरविंद खटकर का स्वभाव शुष्क है, जो कि उनके विरोध का कारण बन रहा है। जबकि उसके सरपंच काल मे उन पर लगे भर्राशाही के तमाम आरोप भी उसका पीछा नही छोड़ रहे है। स्थानीय लोगों ने दूसरी प्रमुख बात रखी कि पैसों या रसूख के बल पर चुनाव जीतने का भ्रम रखने वाले इस प्रत्याशी ने पार्टी के वरिष्ठ एवं जमीनी कार्यकर्ताओं की पूछ परख ही नाम घोषित होने के बाद करनी बन्द कर दी है। यही वजह रही है कि बसपा प्रत्याशी के रूप में जैसे ही उक्त व्यक्ति का नाम फाइनल हुआ उसके महज कुछ दिनों बाद ही पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विधानसभा सारंगढ़ के करीब ढाई सौ पुराने कार्यकर्ताओं ने एक साथ त्याग पत्र दे दिया था।

वहीं बसपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं की माने तो अरविंद खटकर विश्वसीनय व्यक्ति नहीं दिख पा रहे है। सरपंच के कार्यकाल में कई स्थानीय सरपंचों से पंचायत में काम दिलाये जाने के नाम पर लाखों रुपयों की उगाही का मामला भी चर्चित रहा है। सूत्रों की माने तो बसपा प्रत्याशी अरविंद खटकर विकास कार्यों के नाम पर लेन-देन का कार्य करने का आरोप भी है। इस राज्य के एक मंत्री के नाम से भी कई जन प्रतिनिधियों और ठेकेदारों से जबरदस्त उगाही की बात भी सामने आ रही है।

अरविंद खटकर को लेकर स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि इसने कथित मंत्री से अपने सम्बन्धों की दुहाई देकर छात्रावास में भोजन बनाने वाले रसोइयों से उन्हें स्थाई करवाने के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठी है। बात यही खत्म नही होती है, झूठ या फरेब के बल पर बसपा के इस शातिर दिमाग प्रत्याशी ने कई शिक्षाकर्मियों से उनके स्थान्तरण के नाम पर भी लाखों रुपये लिए है। बताया गया कि, इन कारणों से ही बसपा के अंदर में ही उसके विरोधियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

## 37 कार्टून अंग्रेजी शराब जप्त, पुसौर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**न्यायसाक्षी सारंगढ़** / रायगढ़। रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा के मार्गदर्शन में अवैध शराब के खिलाफ लगातार चलाई जा रही मुहिम का परिणाम है कि दिनांक 08.11.2018 के दोपहर पुसौर पुलिस को ग्राम तिलगी में 37 कार्टून विदेशी शराब जप्त करने में बड़ी सफलता मिली है । जानकारी के मुताबिक पुसौर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तिलगी का लीलाधर चौधरी पिता स्व. शिरोमणी चौधरी उम्र 53 वर्ष अपने नियंत्रण एवं देखरेख में अपने मकान अंदर अवैध रूप से शराब रखा हुआ है, मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करने के लिये थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक धनीराम राठौर के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर पंडा, चालक आरक्षक यशवंत दुबे व महिला आरक्षक ममता साहू की टीम द्वारा तिलगी लीलाधर चौधरी के मकान में शराब रेड की कार्यवाही किया गया, जहां 37 नग कार्टून में रखा बिना लेबल का अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है, जिसके प्रत्येक कार्टून में 180 द्द्य की 48 पाव अंग्रेजी शराब रखा है, जिसकी मात्रा 319 लिटर तथा कीमती 124320 रूपये का है । आरोपी लीलाधर चौधरी के पुसौर पुलिस द्वारा अप.क्र. 241/18 धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही गई है ।

## चरित्रशंका पर पत्नि की हत्या, पत्निहंता गिरफ्तार



**न्यायसाक्षी सारंगढ़** / रायगढ़। थाना पुसौर अन्तर्गत ग्राम बोडाझरिया थाना पुसौर में रहने वाला युगल किशोर पिता शौकी लाल पण्डा उम्र 37 वर्ष एन.टी.पी.सी. में ठेकेदारी का कार्य करता है। दिनांक 07.11.18 को युगल किशोर द्वारा थाना पुसौर में सूचना दिया कि लारा एन.टी.पी.सी. के अधीन कार्यरत ठेका कम्पनी ऐरा में गणेश सोनाली पिता विद्याधर सोनाली उम्र 45 वर्ष निवासी थाना कमलपुर जिला कालाहांडी मजदूरी का काम करता था व ऐरा कालोनी बोडाझरिया में रह रहा था। गणेश सोनाली द्वारा अपनी पत्नि साधना उर्फ खूनी सोनाली उम्र 45 वर्ष की हत्या कर शव को गांव के राहर टिकरा में ले जाकर फेंक देने की जानकारी होने पर गणेश सोनाली से पूछताछ किया जो गणेश ने बताया कि दिनांक 06.11.18 की रात 11.00 बजे चरित्र शंका को लेकर अपनी पत्नि साधना उर्फ खूनी सोनाली को डंडा एवं तवा से मारपीट कर हत्या कर दिया और शव को खींचकर राहर टिकरा में रख दिया । सूचक की सूचना पर मर्ग क्रमांक 52/18 जाफौ एवं आरोपी गणेश सोनाली के विरूद्ध अप.क्र. 238/18 धारा 302 ता.हि. पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर आज दिनांक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।





### तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

### ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931